Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to extend services of Akola-Purna (Train No. 57581/82), Akola-Parli-Baijnath (Train No. 57539/40) and Akola – Purna (Train No. 51583/84) upto Shegaon Railway Station in Buldhana Parliamentary Constituency, Maharashtra -laid.

श्री प्रतापराव जाधव (बुलढाणा): मेरे संसदीय क्षेत्र बुलढाणा (महाराष्ट्र) के अंतर्गत शेगांव सद्गुरु श्री संत गजानन महाराज की पावन स्थली है । यहाँ स्थित शेगांव रेलवे स्टेशन शेगांव, को 'अ' दर्जा प्राप्त है । यहाँ पर प्रतिदिन एक बड़ी संख्या में श्रद्धालुओ का आवागमन होता है । रेलवे को भी इस स्टेशन से यात्री टिकट से 15 करोड़ रु0 प्रतिवर्ष प्राप्त होते है ।

अकोला-पूर्णा (57581-57582), अकोला-परली वैजनाथ (57539-57540) और अकोला-पूर्णा (51583-51584) पैसेंजर रेलगाडियाँ अकोला स्टेशन पर काफी समय तक खड़ी रहती है । इन पैसेंजर रेलगाड़ियों को शेगांव तक चलाये जाने से न केवल श्रद्धालुओ को आवागमन में सुविधा होगी, बल्कि रेलवे की आय में वृद्धि होगी ।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि उपरोक्त पैसेंजर रेलगाड़ियां, जो अकोला रेलवे स्टेशन पर काफी समय तक खड़ी रहती है, को शेगांव तक चलाये जाने हेतु निर्देशित किया जाये ।